Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
6628	06.04.2022	06.04.2022	Gautam Budh Nagar Uttar Pradesh	www.hindi.news18.com/Hindi https://hindi.news18.com/news/uttar-pradesh/42-employees-of-vivo-greater-noida-plant-fall-ill-after-eating-navratri-vrat-food-4176199.html
Title:	**42 Employees of vivo greater noida plant fell ill after eating navratri vrat food in Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-Gautam Budh Nagar, SSU-Uttar Pradesh			

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में स्थित विवो फैक्ट्री के 42 कर्मचारी बीमार पड़ गए. इन सभी कर्मचारियों की व्रत का खाना खाने के बाद से तबियत बिगड़ गई. बताया जा रहा है कि कैंटीन में कुट्टू के आटे की कचोरी और खीर खाने के बाद कर्मचारी बीमार पड़ने लगे. आनन-फानन में कंपनी प्रबंधन और पुलिसकर्मियों ने कर्मचारियों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया. दूसरी तरफ खाद्य विभाग ने आरपी ब्रांड कुट्टू आटा, समा चावल गोल्डन ब्रांड, कुट्टू की कचोरी, खीर और आलू सब्जी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया है.

42 लोग पड़े बीमार

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेटर नोएडा की वीवो मोबाइल फैक्ट्री में फूड प्वाइजनिंग होने से लोगों के बीमार होने की सूचना मिली थी. इस जानकारी के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की. पता चला कि नाइट शिफ्ट में करीब 350 लोग व्रत रखे हुए थे. इन कर्मचारियों के लिए व्रत का खाना बनाया गया था. खाने में कुट्टू के आटे की कचौड़ी, खीर, आलू की सब्जी आदि व्यंजन बनाए गए थे.

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

कर्मचारियों ने रात करीब 12:00 से 2:30 के बीच खाना खाया था, जिसके बाद 42 लोगों को फूड प्वाइजनिंग से बीमार होना पाया गया है. कर्मचारियों के बीमार पड़ते ही कंपनी मैनेजमेंट में हड़कंप मच गया. इसकी सूचना पुलिस के आलाधिकारियों को दी गई. कंपनी मैनेजमेंट ने बीमार पड़ रहे सभी कर्मचारियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया. वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सैंपल इकट्ठा कर जांच के लिए भेज दिए हैं.

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1